**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर, लखनऊ।**
**संख्या- 117/01/चार/आयोग/2021टी0सी0**
**लखनऊ दिनांक- 14 मई, 2024**

**आवश्यक सूचना**

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के विज्ञापन संख्या- 10-परीक्षा/2023, वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक मुख्य परीक्षा -(प्रा0अ0प0-2022)/09 के अंतर्गत **प्रधान एवं मुख्य वन सरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ0प्र0, लखनऊ** के नियंत्रणाधीन **वन रक्षक एवं वन्यजीव रक्षक** के सीधी भर्ती के रिक्त कुल 709 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से दिनांकः 20-09-2023 से 10-10-2023 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

उपर्युक्त के क्रम में सूच्य है कि शासन के पत्र संख्या- 279/47-का-3-2024, दिनांक- 08-05-2024 द्वारा उक्त विज्ञापन में विज्ञापित पदों पर लिखित परीक्षा के लिए परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

अतः आयोग के विज्ञापन संख्या- 10-परीक्षा/2023, वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक मुख्य परीक्षा मुख्य परीक्षा-(प्रा0अ0प0-2022)/09 के अंतर्गत आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों के सूचनार्थ **वन रक्षक एवं वन्यजीव रक्षक** के रिक्त पदों पर चयन हेतु शासन द्वारा अनुमोदित लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम प्रकाशित किया जा रहा है।

**संलग्नक**- उपरोक्तानुसार।

(विधान जायसवाल)
परीक्षा नियंत्रक।

संख्या-279/47-का-3-2024

प्रेषक,

राम आसरे राम,
उप सचिव,
उ०प्र० शासन।

सेवा में,

सचिव,
उ०प्र० अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।

कार्मिक अनुभाग-3 लखनऊः दिनांक 08/05/2024

विषय:-प्रधान एवं मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ०प्र०, लखनऊ के नियंत्रणाधीन **वन रक्षक एवं वन्यजीव रक्षक** के सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा की परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम पर स्वीकृति/अनुमोदन प्रदान किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-55/01/चार/आयोग/2021टी०सी०, दिनांक 13.02.2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा **विज्ञापन संख्या-10-परीक्षा/2023 वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2022/09)** के अन्तर्गत प्रधान एवं मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ०प्र०, लखनऊ के नियंत्रणाधीन **वन रक्षक एवं वन्यजीव रक्षक** के सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा की परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम पर शासन की स्वीकृति/अनुमोदन प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कार्मिक अनुभाग-3 की अधिसूचना दिनांक 11.05.2015 द्वारा प्रख्यापित **उत्तर प्रदेश समूह 'ग' के पदों के लिए सीधी भर्ती (रीति एवं प्रक्रिया) नियमावली, 2015 के नियम-8(1)** के प्राविधानों के अन्तर्गत प्रधान एवं मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ०प्र०, लखनऊ के नियंत्रणाधीन **वन रक्षक एवं वन्यजीव रक्षक** के सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर चयन के संबंध में लिखित परीक्षा की परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम हेतु प्रस्तावित निम्नवत् परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम की स्वीकृति प्रदान की जाती है:-

EC
सचिव
08/05/2024

**<u>वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक के सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा की परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम</u>**

प्रश्नगत परीक्षा में एक प्रश्नपत्र होगा, जिसमें कुल 100 प्रश्न होंगे तथा समयावधि दो घण्टा होगी। परीक्षा के प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। लिखित परीक्षा हेतु प्रत्येक गलत उत्तर के लिए ऋणात्मक अंकन (निगेटिव मार्किंग) का प्रावधान है, जो उस प्रश्न हेतु निर्धारित अंक का 25 प्रतिशत अर्थात ¼ होगी।

**परीक्षा योजना**

परीक्षा के भाग, विषय, प्रश्नों की संख्या, कुल अंक और समयावधि नीचे दिये गये विवरण के अनुसार होगा-

| भाग | विषय | प्रश्नों की | कुल | समयावधि |
|---|---|---|---|---|

| | | संख्या | अंक | |
|---|---|---|---|---|
| भाग-1 | विषयगत ज्ञान | 50 | 50 | 120 मिनट (दो घण्टा) |
| भाग-2 | प्रारम्भिक स्तर की गणित एवं जीव विज्ञान | 15 | 15 | |
| भाग-3 | कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी की अवधारणाओं एवं इस क्षेत्र में समसामयिक प्रौद्योगिकी विकास एवं नवाचार का ज्ञान | 15 | 15 | |
| भाग-4 | उत्तर प्रदेश राज्य से संबंधित सामान्य जानकारी | 20 | 20 | |
| योग | | 100 | 100 | |

**नोट** - उपर्युक्त परीक्षा हेतु प्रत्येक गलत उत्तर के लिए ऋणात्मक अंकन (निगेटिव मार्किंग) का प्रावधान है, जो उस प्रश्न हेतु निर्धारित अंक का 25 प्रतिशत अर्थात ¼ होगी।

**पाठ्यक्रम**

**भाग-1**

**( विषयगत ज्ञान )**

1. राष्ट्रीय उद्यान एवं पक्षी विहार
2. आरक्षित वन और संरक्षित वन
3. हाथी और टाइगर रिजर्व
4. हमारा पर्यावरण एवं पारिस्थितिक संतुलन (परितंत्र एवं इसके संघटक, आहार श्रृंखला एवं जाल, ओजोन परत तथा इसका अपक्षय, कचरा प्रबन्धन)
5. जलवायु परिवर्तन एवं जलवायु संरक्षण
6. मृदा और आर्द्रता संरक्षण
7. वनीकरण और कृषि वानिकी
8. वन आपदाओं की चुनौतियाँ और रोकथाम
9. वन उपज
10. मानव-वन्यजीव संघर्ष
11. वन पर्यावरण और उसके लाभ
12. वन एवं वन्य जीव संरक्षण
13. भारतीय अर्थव्यवस्था में वनों का योगदान
14. वन पारिस्थितिकी
15. भारतीय कृषि प्रणाली और फसल चक्र

**भाग-2**

**( प्रारम्भिक स्तर की गणित एवं जीव विज्ञान )**

**गणित** - प्रतिशतता, लाभ-हानि, साधारण ब्याज, औसत, वास्तविक संख्याएं, लघुतम समापवर्त्य एवं महत्तम समापवर्त्य, बुनियादी ज्यामिति आकृतियों का क्षेत्रफल एवं परिधि, वर्गीकृत आँकड़ों का माध्य, माध्यिका तथा बहुलक।

**जीव विज्ञान** - जैव प्रक्रम ( पोषण, श्वसन, वहन, उत्सर्जन), नियंत्रण एवं समन्वय (जन्तु तंत्रिका तंत्र, मानव मस्तिष्क, पादपों में समन्वय, जन्तुओं में हार्मोन),जीव जनन (एकल जीवों में प्रजनन की

विधि, मानव में लैंगिक जनन, पुष्पों में लैंगिक जनन), अनुवांशिकता।

**भाग-3**

**( कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी की अवधारणाओं एवं इस क्षेत्र में समसामयिक प्रौद्योगिकी विकास एवं नवाचार का ज्ञान )**

- कम्प्यूटर, सूचना तकनीकी , इन्टरनेट एवं वर्ल्ड वाइड वेब ( WWW) का इतिहास, परिचय एवं अनुप्रयोग
- निम्नलिखित बिन्दुओं सम्बन्धी सामान्य ज्ञान

I. हार्डवेयर एवं साफ्टवेयर

II. इनपुट एवं आउटपुट

III. इन्टरनेट प्रोटोकॉल/आई0पी0 एड्रेस

IV. आई0टी0 गैजेट एवं उनका अनुप्रयोग

V. ई-मेल आई0डी0 को बनाना एवं ई-मेल का प्रयोग/संचालन

VI. प्रिंटर, टेबलेट एवं मोबाइल का संचालन

VII. वर्ड प्रोसेसिंग ( MS-word )एवं ऐक्सेल प्रोसेसिंग ( MS-Excel) के महत्वपूर्ण तत्व

VIII. ऑपरेटिंग सिस्टम, सोशल नेटवर्किंग, ई-गवर्नेंस

- डिजिटल वित्तीय उपकरण और अनुप्रयोग
- भविष्य के कौशल और साइबर सुरक्षा
- कम्प्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में होने वाले तकनीकी विकास एवं नवाचार (आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स, बिग डेटा प्रोसेसिंग, डीप लर्निंग, मशीन लर्निंग, इन्टरनेट ऑफ थिंग्स) तथा इस क्षेत्र में भारत की उपलब्धियाँ आदि।

**भाग-4**

**( उत्तर प्रदेश राज्य से संबंधित सामान्य जानकारी )**

प्रश्न पत्र के इस भाग से उम्मीदवारों से उत्तर प्रदेश का इतिहास, संस्कृति, कला, वास्तुकला, त्योहार, लोक नृत्य, साहित्य, क्षेत्रीय भाषायें, विरासत, सामाजिक रीति-रिवाज और पर्यटन, भौगोलिक परिदृश्य एवं पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधन, जलवायु, मिट्टी, वन, वन्यजीव, खान और खनिज, अर्थव्यवस्था, कृषि, उद्योग, व्यवसाय और रोजगार, राजव्यवस्था एवं प्रशासन तथा समसामयिक घटनाओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश राज्य की उपलब्धियाँ आदि पर आधारित प्रश्न पूछे जायेंगे।

## Examination Plan and syllabus of written examination for selection on vacant posts of direct recruitment of forest guards and Wildlife guards.

There will be one question paper in the written examination, which will contain 100 questions and the total time duration will be two hours. The questions of the examination will be objective and multiple choice type. Each question will be of one mark. There is a provision of negative marking for each wrong answer for the examination, which will be 25 percent i.e. ¼ of the marks prescribed for that question.

**Examination Plan**

The parts of examination, related subjects from which questions

shall be asked in the exam, number of questions, total marks and time period will be as per the details given below-

| Part | Subject | Number of Questions | Total Marks | Time Period |
|---|---|---|---|---|
| Part -1 | Subject related Knowledge | 50 | 50 | Two Hours ( 120 Minutes) |
| Part -2 | Elementary Mathematics and Biology | 15 | 15 | |
| Part -3 | Knowledge of concepts of Computer and Information Technology and contemporary technological development and innovation in this field | 15 | 15 | |
| Part -4 | General information related to the state of Uttar Pradesh | 20 | 20 | |
| | **Total** | **100** | **100** | |

**Note-** There is a provision of negative marking for each wrong answer for the above examination, which will be ¼ i.e. 25 percent of marks prescribed for that question.

**SYLLABUS**

**Part -1**

**(Subject related Knowledge)**

1. National Park and Bird Sanctuaries
2. Reserved Forest and Protected Forest
3. Elephant and Tiger Reserves
4. Our environment and ecological balance (ecosystem and its components, food chains and webs, ozone layer and its depletion, waste management)
5. Climate Change and Climate Protection
6. Soil and Moisture Conservation
7. Afforestation and Agro-forestry
8. Challenges and prevention of forest disasters
9. Forest Produce
10. Human Wildlife Conflicts
11. Forest Environment and its benefits
12. Forest and Wildlife Conservation
13. Contribution of Forests in the Indian Economy
14. Forest Ecology
15. Indian Agricultural System and Crop Circles

**Part-2**

**(Elementary Mathematics and Biology )**

**Mathematics-** Percentage, Profit-Loss, Simple Interest, Average, Real Numbers, Least Common Multiple and Highest Common Factor, Area and Perimeter of Basic Geometric Figures, Mean, Median and Mode of Grouped Data.

**Biology-** Biological processes (nutrition, respiration, transportation, excretion), control and coordination (animal nervous system, human

brain, coordination in
plants, hormones in animals), reproduction (method of reproduction in single organisms, sexual reproduction in humans, sexual reproduction in flowers), heredity.

**Part- 3**

**(Knowledge of Concepts of Computer and Information Technology and Contemporary Technological Development and Innovation in this field )**

- History, Introduction and Application of Computer, Information Technology, Internet and World Wide Web (WWW).
- General Knowledge related to:

I. Hardware and Software
II. Input and Output
III.Internet Protocol/IP Address
IV.IT gadgets and their application
V. Creation of e-mail ID and use/operation of e-mail
VI.Operation of Printer, Tablet and Mobile
VII.Important elements of Word Processing (MS-word) and Excel Processing (MS-Excel)
VIII.Operating System, Social Networking, e-Governance

- Digital Financial Tools and Applications
- Future Skills and Cyber Security
- Technological Development and Innovation in the field of Computer and Information Technology (Artificial Intelligence, Big Data Processing, Deep Learning, Machine Learning, Internet of Things) and India's achievements in this field etc.

**Part-4**

**(General information related to The State of Uttar Pradesh )**

In this Part of the question paper, questions based on History, Culture, Art, Architecture, Festivals, Folk Dance, Literature, Regional Languages, Heritage, Social Customs and Tourism, Geographical Landscape and Environment, Natural Resources, Climate ,Soil, Forest, Wildlife, Mines and Minerals, Economy, Agriculture, Industry, Business and Employment, Polity, Administration of Uttar Pradesh and Current Events and Achievements of Uttar Pradesh State in various fields etc. will be asked from the candidates.

भवदीय
Digitally Signed by राम आसरे राम
(राम आसरे राम)
उप सचिव।
Date: 08-05-2024 12:01:34
Reason: Approved